तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 25 जून 2024

13 औषधि प्रशासन विभाग की नए सॉफ्टवेयर पर कार्यशाला

14 प्रादेशिक महासभा में झेरिया गड़रिया पाल समाज ने दिखाई एकता




## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन शराब के साथ एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली पुलिस ने 23 जून 2024 को दोपहर करीब 2:30 बजे मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी से करीब 15.3 लीटर देशी प्लेन शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि 1 व्यक्ति एक प्लास्टिक के बोरी में भारी मात्रा में शराब रखकर बिक्री करने के लिए भट्टी से शराब खरीदकर संजय गार्डन के पीछे तरफ ग्राम खैरा ले जाकर उसकी बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी शौकीलाल बगरती पिता वासु बगरती (52 साल) निवासी वार्ड न 24 सुभाष नगर की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी में 85 पौवा प्लेन देशी शराब कीमत 7650 रुपए तथा बिक्री रकम 200 रुपए को जब्त कर अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से गिरफ्तार कर अपराध कायम किया गया है।

### होटल से 3 लीटर महुआ शराब किया गया जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने 23 जून को मुखबिर की सूचना पर शाम करीब 4:10 बजे नगर के जगदीशपुर रोड़ स्थित अपना होटल से करीब 3 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि जितेंद्र सागर पिता शौकीलाल सागर (38 साल) निवासी पिरदा से अवैध शराब रखने एवं बिक्री करने के संबंध में पूछताछ किया जो अपने होटल से निकाल कर एक हरे रंग की दो लीटर वाली प्लास्टिक बॉटल में भरी हुई करीब 2 लीटर देशी हाथ भठ्ठी महुआ शराब एवं एक सफेद रंग की दो लीटर वाली प्लास्टिक बाटल में भरी हुई करीब 1 लीटर देशी हाथ भठ्ठी महुआ शराब, जुमला 3 लीटर देशी हाथ भठ्ठी महुआ शराब , कीमत 600 रुपए को पेश किया, जिस पर पुलिस ने उक्त देशी हाथ भठ्ठी महुआ शराब को मौके पर जब्त कर आरोपी पर अपराध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट का पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध किया है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत 23 जून को दोपहर करीब 12 बजे भंवपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम झारमुड़ा के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत होने पर मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के 23 जून 2024 को सुबह करीबन 10 बजे नीलमणी बुढेक पिता स्व. जयदेव बुढेक 35 साल ग्राम झारउडेला मोटर सायकल क्र सीजी 06 जीजे 9818 से अपना ससुराल ग्राम बरनाईदादर जा रहा था, तभी दोपहर करीबन 12 बजे ग्राम झारमुड़ा से करीबन 500 मी की दूरी पर उसे किसी अज्ञात वाहन चालक के द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।


# बिजली बंद से परेशान ग्रामीणों ने दी चक्काजाम की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुहेला

क्षेत्र में बार-बार बिजली बंद होने की समस्या निवारण के लिए ग्रामीणों ने सुहेला तहसीलदार और कनिष्ठ यंत्री को ज्ञापन सौंपा। लगभग 10 से 12 गांवों के प्रभावित ग्रामीणों ने मिलकर ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार बिजली कटौती होने पर फोन करने पर स्टाफ कम है का हवाला देते हैं।

बिजली बिल तो पूरा वसूलते हैं मौसम खराब नहीं रहता है फिर भी 10 बार लाइन बंद हो जाती है। शाम को 6 बजे बंद होने पर दुसरे दिन सुबह 8 बजे आती है, इससे सब त्रस्त हैं।

## तहसीलदार और कनिष्ठ यंत्री को शीघ्र निराकरण के लिए सौंपा ज्ञापन



### निवारण शीघ्र कराया जायेगा

ग्रामीणों ने कहा स्टाफ की शासन प्रशासन से मांग कीजिए। एक सप्ताह में सुबह 11 से 3 बजे तक मेंटेनेंस पूरा कर लीजिए। यदि नहीं हुआ तो व्यापक धरना प्रदर्शन करेंगे। त्रिगड्डा चौक में चक्का जाम की चेतावनी भी दी। बिजली विभाग के जेई मनोज साहू ने फोन पर बताया कि बिजली की समस्या का निराकरण जल्दी किया जायेगा। आंधी में टावर खंभा गिरा था। अब ठीक हो गया है। यदि कोई समस्या आएगी उसका निवारण शीघ्र कराया जायेगा।



ग्रामीणों ने बताया कि लगातार सुहेला क्षेत्र में हो रही बिजली बंद से सब त्रस्त हैं। चंडी, करही, परकीडीह, सुहेला, टेकारी, डिग्गी, फरहदा, बड़े जरोद, रानी जरोद, आमकोनी सभी ग्रामों में अनावश्यक बिजली कटौती हो रही है। रात भर बिजली अवरुद्ध रहती है, जिसे लेकर ज्ञापन दिए हैं। उन्होंने बताया कि तहसीलदार और जेई ने 10 दिन के अंतराल में बिजली की सभी समस्याओं का निराकरण का आश्वासन दिया है। चूंकि बिजली मेनटेंनेंस के नाम पर गर्मी के समय एक एक गांव में 24 घंटा बिजली बंद रखते थे। आज फोन लगाने पर बोलते हैं मेंटेनेंस चल रहा है। इसके बाद बोलते हैं स्टाफ नहीं है।

## हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ हथबंद

स्थानीय पुलिस ने ग्राम बिलाईडबरी में एक व्यक्ति की हत्या करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया है। प्रार्थी लेखराम निवासी ग्राम बिलाईडबरी ने रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 23 जून को मैं और मेरे पिताजी संतराम मेरी दादी की जमीन में बुवाई कर रहे थे। इसी बीच रिश्ते में मेरे जीजा ओमप्रकाश एवं भांचा गोपाल हाथ में डंडा, टंगिया लिए गाली गलौच करते हुए खेत आए, जहां धमकाते हुए मेरे पिता संतराम के साथ मारपीट की। इस बीच में बचाव करते हुए एवं सहयोग मांगने के लिए गांव तरफ आया। तत्पश्चात गांव वालों को लेकर मैं वापस खेत पर आया तो देखा कि मेरे पिता संतराम खेत में चित्त अवस्था में पड़ा हैं, उनकी एक उंगली कटी हुई थी तथा सिर में कटने का निशान था, पास में ही बांस का डंडा, मिट्टी का ढेला रखा हुआ था। इस बीच उनके पिता की मौत हो गई थी।

रिपोर्ट पर थाना हथबंद में धारा 294, 302, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण में थाना हथबंद पुलिस ने तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए 6 घंटे के भीतर मृतक संतराम की मारपीट कर हत्या करने वाले 2 आरोपी बिलाईडबरी थाना हथबंद निवासी 50 वर्षीय ओमप्रकाश और 35 वर्षीय गोपाल को पकड़ लिया। पुलिस की पूछताछ में दोनों आरोपियों ने जमीन विवाद पर लाठी, मिट्टी का ढेला एवं टंगिया से मारपीट करते हुए मृतक संतराम की हत्या करना स्वीकार किया। प्रकरण में दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### नशीली दवाओं की बिक्री की शिकायत पर मेडिकल स्टोरों में दी दबिश

# नशीली दवाइयों की बिक्री की जांच में पहुंची ड्रग टीम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा

नगर पंचायत में लंबे समय से नशीली दवाओं की बिक्री होने की शिकायत पर सोमवार को शहर के विभिन्न मेडिकल स्टोरों एवं पान ठेलों में तहसीलदार नीलमणि दुबे ड्रग इंस्पेक्टर किशोर ठाकुर एवं पुलिस बल के साथ औचक निरीक्षण करने पहुंचे। तहसीलदार दुबे ने बताया कि सूचना मिली थी कि नगर के विभिन्न मेडिकल स्टोरों एवं पान ठेलों में अनेक प्रकार की नशीली दवाओं का अवैध कारोबार लंबे समय से संचालित होने की सूचना मिली थी, जिस पर टीम बनाकर जांच कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान उन्हें नशीली दवाइयां तो नहीं मिली, लेकिन ये कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। तहसीलदार ने बताया कि टीम द्वारा सरोपी तालाब के पास दोपहिया वाहनों की भी जांच की गई, क्योंकि इसी स्थान पर नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है।



उल्लेखनीय हो कि नगर पंचायत सिमगा राष्ट्रीय राज मार्ग रायपुर बिलासपुर जबलपुर पर स्थित होने के कारण स्थानीय एवं दूसरे स्थान से लोगों का बड़ी संख्या में आना जाना लगा रहता है इसलिए सिमगा के होटल ढ़ाबे 24 घंटे खुले रहते हैं ऐसे लोगों को अवैध शराब के साथ नशीली दवाओं की जरूरत व डिमांड रहती है जिसे अवैध काम में लिप्त लोग सुविधा मुहैय्या कराते हैं, लेकिन इन लोगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण यह व्यवसाय फल फूल रहा है। नवपदस्थ तहसीलदार दुबे द्वारा लगातार अवैध काम में लिप्त लोगों पर कार्रवाई करने से नगर के लोग संतुष्ट नजर आ रहे हैं।

## 30 पौवा शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

पुलिस सहायता केंद्र निपनिया ने ग्राम मोपका में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक कोचिया को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 30 पौवा शराब जब्त की गई है।



पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मोपका में 20 वर्ष पवन कुमार शराब की अवैध बिक्री करता है। पुलिस की टीम ग्राम मोपका पहुंची, जहां उसके घर में तालाशी ली गई। जांच में पुलिस को 30 पौवा देसी मदिरा मसाला शराब, मात्रा 5.400 बल्क लीटर कीमती 3300 को जब्त किया। आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### शराब कोचिया पकड़ाया 34 पौवा शराब जब्त

भाटापारा शहर पुलिस ने नगर के सिद्ध बाबा रेलवे फाटक के पास अवैध रूप से शराब की बिक्री करने शराब ले जाते कोचिया को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 34 पौवा शराब कीमत 3740 को जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि भाटापारा शहर के सिद्ध बाबा रेलवे फाटक के पास अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए एक आरोपी शराब कोचिया को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 3740 कीमत मूल्य का 34 पौव देशी मसाला शराब जब्त की है। आरोपी प्रभात उर्फ पिंटू 19 वर्ष निवासी शक्ति वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर के विरूद्ध थाना भाटापारा शहर में धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध करते हुए आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।


## धमनी में उपस्वास्थ्य केंद्र खोले जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी

विकासखंड पलारी से 15 किलोमीटर दूर वन ग्राम पंचायत धमनी के निवासियों ने धमनी में उप स्वास्थ्य केंद्र खोले जाने की मांग की है। गौरतलब है कि धमनी से सटे ग्राम मुडियाडीह और ग्राम खैरी है, जिनकी जन संख्या तीन हजार से अधिक है। तबियत खराब व अन्य शारीरिक समस्या होने पर ग्रामीणों को 7 किमी दूर रोहांसी जाना पड़ता है। ग्राम धमनी में 3 मितानिनें हैं। यहां उप–स्वास्थ्य केन्द्र बन जाने पर निकट गांव खैरी और मुडियाडीह के निवासियों को सहुलियत होगी। पिछले 5 साल से धमनी में उप–स्वास्थ्य केंद्र की मांग की जा रही है। बरसात के दिनों में प्रसव या गभींर मरीज को रोहासी 7 किलोमीटर, लच्छनपुर 13 किलोमीटर और दतान 14 किलोमीटर जाने में परेशानी होती है जिससे धमनी में उप–स्वास्थ्य केंद्र खोले जाने की आवश्यकता है।

### छत में खेल रही बच्ची की करंट लगने से मौत

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी भाठापारा में घर के छत में खेल रही 8 वर्षीय बालिका की बिजली तार के संपर्क में आने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 जून को दोपहर करीब 2 बजे पूर्णिमा पिता राजू चंद्राकर (8 साल) निवासी बिरकोनी घर की छत पर खेलते समय बिजली तार के संपर्क में आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर कार्रवाई विवेचना में लिया है।



# 25 पंचायतों में लगी जल चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बंगोली

तिल्दा जनपद के ग्राम पिकरीडीह में जल चौपाल सप्ताह का आयोजन किया गया। तिल्दा जनपद के कुल 25 ग्राम पंचायतों में जल चौपाल सप्ताह का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी अनिल पटेल, सुन्दर ध्रुव सचिव द्वारा पिकरीडीह में जल संचय पर आधारित आवश्यक जानकारी दी गई। ग्राम पिकरीडीह में जल शक्ति अभियान के तहत प्रथम चरण में नारी शक्ति से जल शक्ति, अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम




स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं जन भागीदार से कार्यक्रम को सफल बनाते हुए। 22 से 28 जून तक प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। 22 जून को जल संरक्षण के संबंध में कार्यशाला का आयोजन हुआ तथा 24 जून सोमवार को जल चौपाल, ग्राम पंचायतों में जल वाहिनी दीदियों की सभा का आयोजन एवं ग्राम पंचायत के युवाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों में जल सुरक्षा की जागरुकता हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम के रंगमंच स्थल में किया गया। ▸▸ शेष पेज 13 पर

### कलेक्टर–एसपी ने भविष्य की रणनीति को लेकर मीडिया से की चर्चा

# आगजनी की घटना में करीब 12 करोड़ क्षति का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर एवं पुलिस अधीकक्षक द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित प्रेसवार्ता में 10 जून वाली आगजनी की घटना के पश्चात की जा रही कार्रवाई एवं भविष्य की रणनीति के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा किए। कलेक्टर ने बताया कि आगजनी की घटना से अब तक के आंकलन में करीब 12 करोड़ रुपए क्षति का अनुमान है, जिसमें संयुक्त जिला कार्यालय भवन, जिला पंचायत कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय, तहसील एवं पंजीयन कार्यालय भवन, वाहन, उपकरण, फर्नीचर शामिल हैं। नगर में हुई अन्य क्षति का आंकलन किया जा रहा है। घटना में वाहनों को हुई क्षति के लिए बीमा कंपनियों से राशि दिलवायी जा रही है, जिसमें अब तक 7–8 वाहन स्वामियों को बीमा राशि मिल चुकी हैं और करीब 23 प्रकरण प्रक्रियाधीन है।

सामजिक संगठनों से बातचीत कर जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने सहयोग व सुझाव लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम भी बनाई गई है जो 24 घंटे निगरानी कर रही है। नाकारात्मक एवं भड़काऊ पोस्ट पर प्रतिबंधत्मक कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही एसडीएम एवं एसडीओपी द्वारा शांति समिति की बैठक लेकर शांति व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए गए हैं। किराये पर दिए गए मकान व दुकान की सूची नजदीकी थाने को देने तथा ठेका श्रमिकों की सूची संबंधित विभाग को देने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने ▸▸ शेष पेज 13 पर



### घटना के सभी पहलुओं को समझने पुलिस बारीकी से कर रही जांच

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना की सभी पहलुओं को समझने के लिए हर तरह से पूछताछ की जा रही है। अब तक 138 लोगों को हिरासत में लिया गया है। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। पोस्ट के सोर्स तक पहुंचा जा रहा हैं तथा एकाउन्ट ब्लॉक भी की जा रही है।

### पीड़ितों को बीमा कम्पनी से राशि मिलना शुरू

कलेक्टर ने बताया कि घटना में लगभग 240 निजी व शासकीय वाहन क्षतिग्रस्त हुए है, जिनमें पूरी तरह जले 31 निजी व शासकीय चार पहिया वाहन, 60 दो पहिया वाहन, 27 क्षतिग्रस्त चार पहिया वाहन एवं लगभग 122 क्षतिग्रस्त दो पहिया वाहन शामिल हैं। जिन निजी वहनों के बीमा नहीं हैं, उनका मूल्यांकन कराया जा रहा है। घटना से पीड़ितों के शारीरिक–मानसिक स्वास्थ्य बेहतर करने पीड़ित राहत समिति बनाई गई है। दस्तावेज क्षति के लिए भी टीम बनाई गई है। पुलिस, आबकारी, जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग में दस्तावेज पुर्निर्माण के काम भी शुरू हो गए हैं। कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए लगातर बैठक की जा रही है। अब तक चेम्बर ऑफ कामर्स, सिविल सोसाइटी, अशासकीय संगठन, कृषक संगठनों, पेट्रोल पम्प संचालकों के साथ बैठक कर शांति बहाली के लिए जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई है तथा उपयुक्त क्षमता के सीसी टीवी कैमरा लगवाने कहा गया है।

### केंद्रीय योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**रायपुर ।** सांसद बनने के बाद बृजमोहन अग्रवाल अब केंद्रीय योजनाओं को लेकर एक्शन मोड में आ गए हैं। भारतमाला राष्ट्रीय राजमार्ग योजना के लिए अभनपुर क्षेत्र के किसानों की अधिग्रहित की हुई भूमि की मुआवजा राशि 78 करोड़ अब तक नहीं मिली है। किसानों ने इस बात की शिकायत सांसद श्री अग्रवाल से की। इस पर श्री अग्रवाल ने कमिश्नर संजय अलंग, कलेक्टर गौरव सिंह और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के आरओ एके सिंह को एक सप्ताह के भीतर मुआवजा राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। रायपुर विशाखापट्टनम राष्ट्रीय राजमार्ग भारत माला प्रोजेक्ट के तहत ग्राम भेलवाडीह, टोकरो, नायकबांधा, उरला, अभनपुर के कृषकों की अर्जित भूमि की मुआवजा राशि के भुगतान का आदेश 30 जून 2022 को पारित हो गया था, परंतु अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। नवपदस्थ एनएचआई के अधिकारी ने भुगतान राशि 30 प्रतिशत ज्यादा होने को लेकर अपनी रिपोर्ट दे दी, जिसके चलते भुगतान का मामला अटक गया।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# सराफा चुनाव में जबर्दस्त माहौल, परिणाम आते ही ढोल-बाजे के साथ मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के इतिहास में पहली बार बैलेट पेपर से हुए चुनाव के दौरान बहुत जबर्दस्त माहौल रहा। सुबह से लेकर रात तक पुजारी पार्क के मानस भवन के सामने भारी भीड़ जमी रही। सड़क पर लगे पंडाल के कारण पुलिस प्रशासन ने एक तरफ का रास्ता बंद कर दिया था।

सराफा एसोसिएशन के 30 साल से ज्यादा पुराने इतिहास में कभी भी चुनाव की नौबत नहीं आई। इसके पहले एक बार बिलासपुर में करीब 8 साल पहले चुनाव हुआ था तो वहां पर पर्ची से मतदान किया गया था, लेकिन पहली बार बैलेट पेपर से मतदान हुआ और चुनाव की पूरी प्रक्रिया भी हुई, इसको लेकर भारी उत्साह रहा।



### जीत के बाद झूमे कारोबारी

देर शाम को परिणाम आने के बाद एकता पैनल के विजेता कमल सोनी, प्रकाश गोलछा और हर्षवर्धन जैन के साथ पैनल के सदस्यों ने जोरदार जश्न मनाया। ढोल-बाजे पर सभी थिरकते नजर आए। जीत के बाद अध्यक्ष कमल सोनी ने कहा, हमने जो भी वादे चुनाव के पहले किए हैं, सभी को पूरा किया जाएगा। प्रदेश के सराफा कारोबारियों के हित में काम करेंगे।

### प्रदेशभर के कारोबारी पहुंचे

सराफा चुनाव में यूं तो प्रदेशभर के 91 एसोसिएशन के अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष को मिलाकर कुल 273 ही मतदाता थे, लेकिन चुनाव के लिए केवल मतदाता ही नहीं, प्रदेशभर के एसोसिएशन के सराफा कारोबारी सदस्य भी भारी संख्या में रायपुर पहुंचे। सुबह से ही सभी मानस भवन में जुटे। चूंकि मतदान केंद्र के अंदर जाने की समर्थकों के साथ किसी को भी अनुमति नहीं थी, ऐसे में सड़क पर ही एकता और जय पैनल के सदस्यों ने अपने पंडाल बना रखे थे। हर आने वाले मतदाता से पैनल के प्रत्याशियों के साथ उनके समर्थक मिलते रहे और उनसे सहयोग की अपील की।



## खबर संक्षेप

### युवाओं को रोजगार देना भूली सरकार

**रायपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गांरटी के नाम से युवाओं को एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती एवं युवाओं को रोजगार के लिए कर्ज देने और कर्ज पर 50 प्रतिशत सब्सिडी देने का वादा किया था। उस दिशा में बीते 6 महीने में कुछ काम नहीं हुआ है। सत्ता मिलने के बाद भाजपा युवाओं से किए वादे को भूल गई। अभी 33 हजार पदों पर भर्ती के लिए सिर्फ बयानबाजी चल रही है, पर नतीजा साफ नहीं हो रहा है। यह भर्ती प्रक्रिया कांग्रेस की सरकार के दौरान ही बनी थी। आज भी उसमें से 50 हजार शिक्षकों के पद खाली हैं, उसमें भी युवाओं को अवसर मिलना चाहिए।

### सहकारिता निरीक्षकों की पदस्थापना

**रायपुर।** राज्य सेवा परीक्षा परिणाम के आधार पर सहकारिता विभाग में चयनित अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। चयनित निरीक्षक कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक तीन वर्ष की परिवीक्षावधि पर रहेंगे। सहकारिता निरीक्षक के पद पर जिनकी नियुक्ति की गई है, उनमें शशांक तिवारी को कोरबा, गरिमा शर्मा को जांजगीर-चांपा, नितिन अग्रवाल को दुर्ग, अभिषेक कुमार सिन्हा को रायपुर, रुखसार बानो को मुंगेली, समृद्धि ताम्रकार को महासमुंद, मुकेश कुमार गुप्ता को रायपुर, मनीष कुमार रात्रे को बिलासपुर, सतानंद पाटले को मुंगेली, नितेश कुमार भगत को अंबिकापुर, इंद्र कुमार को कांकेर, विनायक सिंह को बस्तर, शैलजा खलखो को सूरजपुर, घनेंद्र कुमार साव को जशपुर और देवव्रत भार्गव को जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही पदस्थ किया गया है।

### मंत्री तोखन ने की साय और डॉ. रमन से मुलाकात



**रायपुर।** राजधानी में प्रवास के दौरान आवास एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू ने रविवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निवास पर पहुंचकर उनसे भी शिष्टाचार भेंट कर मार्गदर्शन लिया। राज्यमंत्री श्री साहू से सर्किट हाउस में प्रदेशभर से आए हुए कार्यकर्ताओं, विभिन्न संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने अलग-अलग भेंट कर उन्हें केंद्रीय राज्यमंत्री बनाए जाने पर लोगों ने उन्हें बधाई दी। कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद वे दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

### पहले कराया इलाज, अब विधिवत गिरफ्तार

**धमतरी।** पुलिस मुठभेड़ में घायल हुई महिला नक्सली मैंगो नुरेटी को पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार किया है। घायल महिला का इलाज चल रहा था, अब वह स्वस्थ है। नगरी सिहावा क्षेत्र में 13 अप्रैल को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी, जिसमें नक्सली भागने में सफल हो गए। बाद में उड़ीसा, नवरंगपुर की पुलिस ने एक महिला नक्सली को पकड़ा था, जिसे आगे की कार्रवाई के लिए धमतरी पुलिस को सौंप दिया गया था।

## रायपुर संभाग में टाटा कंपनी लगाएगी 18 लाख से ज्यादा मीटर, लगना प्रारंभ हो चुका

# घरों में भी घूमने लगा स्मार्ट मीटर, कुछ माह पोस्टपेड, फिर बिजली के लिए प्री-पेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

प्रदेश में घरेलू उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ हो गया है। राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश के सभी शहरों में हर वर्ग के उपभोक्ताओं के मीटर बदले जा रहे हैं। हालांकि सभी उपभोक्ताओं के मीटर बदलने में करीब दो साल का समय लगेगा। पॉवर कंपनी के पास एक लाख स्मार्ट मीटर का स्टॉक आ गया है। अभी महज 14 सौ मीटर लगे हैं, लेकिन अब इनके लगाने की रफ्तार बढ़ेगी। इसी के साथ सरकारी दफ्तरों, फीडरों, ट्रांसफार्मरों में भी मीटर लगाने का काम चल रहा है।

रायपुर संभाग का काम टाटा कंपनी को मिला है। स्मार्ट मीटर वैसे तो प्रीपेड ही होंगे, लेकिन तत्काल में इसको प्रीपेड नहीं किया जा रहा है। कुछ समय कनेक्शन पोस्टपेड ही रहेंगे। इसके बाद पूरी व्यवस्था होते ही सभी कनेक्शन प्रीपेड कर दिए जाएंगे। ऐसा होते ही रिचार्ज कराने पर बिजली मिलेगी। इन मीटरों की कई तरह की खासियत है। सबसे पहले सवा लाख सरकारी दफ्तरों में मीटर लगाने का काम हो रहा है। साथ ही दो लाख दस हजार ट्रांसफार्मरों, छह हजार फीडरों में मीटर लगाए जा रहे हैं। रायपुर में टाटा कंपनी 17 लाख 79 हजार 363 कनेक्शनों में मीटर बदलने का काम करेगी। इसी के साथ बिलासपुर-सरगुजा संभाग, बस्तर, दुर्ग और राजनांदगांव को मिलाकर बनाए गए संभाग में जीनस कंपनी मीटर लगाने का काम करेगी। यहां भी काम चल रहा है। प्रदेश में कुल मिलाकर 54 लाख उपभोक्ताओं के मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे।

### रायपुर में डीडीनगर से शुरुआत

राजधानी रायपुर में घरेलू उपभोक्ताओं के मीटर बदलने का काम डीडीनगर से प्रारंभ किया गया है। डगनिया सब्जी बाजार के पास एनएल शुक्ला के घर पर एक दिन पहले ही स्मार्ट मीटर लगा है। एलआईसी का काम करने वाले श्री शुक्ला ने बताया, अभी तो कुछ कह नहीं सकते, एक माह बाद जब बिल आएगा तो समझ में आएगा कि पुराना मीटर ठीक था या फिर यह ठीक है। साईं मंदिर के पीछे तीजूराम वर्मा के घर पर भी स्मार्ट मीटर लगाया गया है। डीडीनगर के साथ ही शहर और भी कई इलाकों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ किया गया है। मीटर लगाने का काम ठेका लेने वाली टाटा कंपनी के कर्मचारी कर रहे हैं। इनको उपभोक्ताओं की सूची डीसी सेंटर उपलब्ध करा रहे हैं। पहले सिंगल फेस के मीटर बदले जा रहे हैं।



### सभी वर्गों के मीटर बदल रहे

घरेलू के साथ सभी वर्गों के मीटर बदलने का काम प्रारंभ कर दिया गया है। अभी एक लाख मीटरों का स्टॉक आ गया है।


- **राजेंद्र प्रसाद,** योजना सीई, पॉवर कंपनी

### बिजली चोरी नहीं होगी संभव

स्मार्ट मीटर की एक नहीं, बल्कि थोक में कई तरह की खासियत है। योजना के सीई राजेंद्र प्रसाद के मुताबिक इन मीटरों के लगने से सही खपत करने वाले उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। जो उपभोक्ता गड़बड़ी करके बिजली चोरी करते हैं, उनको तगड़ा झटका लगेगा। इन मीटरों के लगने के बाद कंट्रोल रूम में बैठकर एक-एक उपभोक्ता की खपत पर नजर रखना संभव होगा। अगर किसी उपभोक्ता की खपत दिन में ज्यादा और रात में कम होगी या फिर कभी भी खपत कम-ज्यादा होगी तो ऐसे उपभोक्ता की जांच करके गड़बड़ी को पकड़ा जाएगा। मीटर में हर 15 मिनट की खपत देखने की व्यवस्था है। कब कितनी खपत की गई है, किस समय कितने लोड का उपयोग हो रहा है। उपभोक्ता ने कितना लोड लिया है और उसकी खपत कितनी हो रही है। कुल मिलाकर रीयल टाइम डाटा देखने की पूरी सुविधा मीटर में है। मीटर में सालभर से ज्यादा की खपत का रिकॉर्ड भी देखा जा सकेगा।

## ईसीजी मशीन में की तोड़फोड़

# आंबेडकर अस्पताल के सीएमओ दफ्तर में युवक ने किया हंगामा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ पिता की मृत्यु की खबर से आक्रोशित हुआ युवक

चिकित्सकों द्वारा जांच के दौरान पिता को मृत बताने से बौखलाए युवक ने आंबेडकर अस्पताल के केजुअलटी चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में हंगामा कर दिया। मौजूद स्टाफ से दुर्व्यवहार करने के बाद उसने ईसीजी मशीन तोड़ दी। सूचना पर पुलिस ने हस्तक्षेप के बाद मामला शांत कराया।

जानकारी के अनुसार विजय नगर निवासी एक मरीज को रविवार शाम आंबेडकर अस्पताल लाया गया था। जहां प्राथमिक जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता की मृत्यु की सूचना पर पुत्र मनोज सिकदार आपा खो बैठा और उसने आपात चिकित्सा कक्ष में मौजूद चिकित्सकीय स्टाफ से बदतमीजी शुरू कर दी। इसके बाद वह बाहर निकला और ईसीजी मशीन को नुकसान पहुंचा दिया। घटनास्थल पर मौजूद गार्ड ने उसे रोका और सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसे पकड़ लिया। बाद में मामले की नजाकत को समझते हुए दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया।

मौदहापारा थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में किसी तरह की शिकायत नहीं की गई है।

■ बीज निगम ने कहा- दोनों किस्म के बीजों की कमी नहीं

# सोसायटियों में नहीं मिल रहे स्वर्णा-महामाया धान के बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मानसून शुरू होने के बाद किसान अपने खेतों में धान उगाने की तैयारी में हैं, लेकिन किसानों की शिकायत है कि सोसायटियों में उन्हें स्वर्णा और महामाया किस्म के धान के बीज नहीं मिल रहे हैं। रायपुर जिले में यह शिकायत धरसींवा और तिल्दा क्षेत्र के किसानों की ओर से आई है, जबकि बीज निगम के अधिकारियों का कहना है कि पिछले साल की तुलना में ढाई गुना अधिक बीजों का भंडारण किया गया है। इन दोनों प्रकार के बीजों की कोई कमी नहीं है।

धरसींवा-तिल्दा क्षेत्र के किसानों से मिली जानकारी के अनुसार उनके क्षेत्र की सोसायटियों में स्वर्णा और महामाया किस्म के धान के बीज सोसायटियों में उपलब्ध नहीं हैं। महामाया एक मोटे किस्म का धान का बीज है, स्वर्णा भी मोटे किस्म के धान बीज की श्रेणी में आता है, लेकिन इसक चावल कुछ पतला होता है। किसानों का ये कहना भी है कि सही समय पर धान बीज का परिवहन न होने के कारण ये स्थिति बनी है। मानसून सीजन की शुरुआत में दो बार से अधिक बारिश होने के बाद किसान अब धान बोने की तैयारी में हैं, लेकिन पसंद का बीज नहीं मिलने से परेशानी हो रही है।

### धरसींवा और तिल्दा क्षेत्र के किसानों को नहीं मिल रहे बीज



### अभनपुर क्षेत्र में उपलब्ध बीज

धान बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी लेने अभनपुर क्षेत्र की तोरला सोसायटी से संपर्क किया गया तो जानकारी मिली कि वहां स्वर्णा और महामाया किस्म के धान बीज उपलब्ध हैं। अधिकांश किसान ये धान बीज ले जाकर बुआई भी कर चुके हैं। अभी भी तोरला सोसायटी में 15 क्विंटल महामाया और 35 कट्टा स्वर्णा के बीज उपलब्ध हैं। सोसायटी वाले बीज के उठाव के लिए किसानों के इंतजार में हैं। दूसरी ओर बीज निगम के अधिकारियों का कहना है कि स्वर्णा और महामाया किस्म के धान बीजों की कोई कमी नहीं है। पिछले साल की तुलना में ढाई गुना अधिक भंडारण सोसायटियों में किया जा चुका है। बीज निगम के एक अधिकारी ने ये भी कहा कि किसी भी किसान को इन दोनों किस्मों के धान बीज चाहिए तो वे बीज निगम से संपर्क कर ले सकते हैं।

# बैज बोले- पीएम आवास पर श्वेतपत्र जारी करे सरकार



■ भाजपा सरकार आने के बाद हितग्राहियों को एक रुपए भी नहीं दिया गया

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, साय सरकार 18 लाख आवास पर श्वेत पत्र जारी करे। भाजपा सरकार बनने के बाद 18 लाख आवास स्वीकृत होने का दावा किया गया था, जबकि 18 लाख आवास में से अब तक एक भी आवास स्वीकृत नहीं हुआ है। सरकार ने गरीबों को आवास देने के नाम से धोखाधड़ी की है। जो भी आवास बने हैं और जो बन रहे हैं, वे कांग्रेस सरकार के दौरान स्वीकृत हुए थे। केंद्र की मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रधानमंत्री आवास के मकानों की संख्या को स्वीकृति ही नहीं दी है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस मांग करती है कि सरकार के दावों में सच्चाई है तो स्वीकृत आवासहीनों के नाम सार्वजनिक किए जाएं। केंद्र सरकार बताए कि 18 लाख आवासों में से कितने स्वीकृत किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास का दावा करने वाली भाजपा सरकार ने अभी तक किसी हितग्राही के खाते में एक रुपए भी नहीं डाला है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की भूपेश सरकार ने आवासहीनों के खाते में पहली किस्त डाली थी। उसके बाद भाजपा सरकार ने एक भी रुपए नहीं भेजा है। पीएम आवास योजना 2015 में लागू हुई, तब केंद्र और राज्य दोनों जगह बीजेपी की सरकार थी। छत्तीसगढ़ के लिए कुल 18 लाख आवास का लक्ष्य तय किया गया था।

# प्रयास आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा 21 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों की कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा रविवार 21 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में शामिल होने इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी 8 जुलाई तक पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के आयुक्त के अनुसार, छत्तीसगढ़ शासन का प्रयास आवासीय विद्यालय योजना महत्वकांक्षी योजना है। योजना का उद्देश्य नक्सल प्रभावित जिले एवं आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में स्थित शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना है।

विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफल होने के लिए प्रारंभ से ही विशेष कोचिंग के माध्यम से तैयार कर सक्षम बनाया जाता है।




### 148 सीटें खाली

प्रयास आवासीय विद्यालयों से प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में विद्यार्थी चयनित होकर उच्च संस्थानों में प्रवेशित होते हैं। राज्य में 9 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों में कक्षा 11वीं में विभिन्न जाति वर्ग समूह अंतर्गत 148 सीटें रिक्त हैं। रिक्त सीटों पर प्रवेश प्राक्चयन परीक्षा के माध्यम होगा। प्रवेश परीक्षा का प्रश्नपत्र कक्षा 10वीं स्तर का होगा। परीक्षा में शामिल होने के लिए कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

■ एनजीटी की गाइड लाइन का किसी भी जिले में नहीं हो रहा पालन

# दो किमी दूर का नियम, पर नदी से 500 मीटर के भीतर ही कर रखा रेत का भंडारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

एनजीटी की गाइड लाइन के अनुसार रेत का भंडारण नदी से दो हजार मीटर दूर किया जाना है, लेकिन इस नियम का भी जिले की खदानों में पालन नहीं किया जा रहा है। ठेकेदार और माफिया के गुर्गों ने नदी के 500 मीटर के अंदर ही रेत का जगह-जगह भंडारण कर दिए हैं। इनमें ज्यादातर अवैध रूप से किए गए भंडारण है। कई जगह तो पहाड़ के रूप में भंडारण दिख रहे हैं। खनिज विभाग की टीम लगातार इन खदानों का निरीक्षण करने का दावा करती है। ऐसे में नियम विरुद्ध व अवैध रूप से किए गए रेत के भंडारण पर कार्रवाई नहीं करना, कहीं न कहीं विभाग के अधिकारी व निरीक्षण टीम भी सवालों के घेरे में है। खदानों पर 15 जून से रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद हरिभूमि की टीम ने रेत खदानों की पड़ताल की थी। इस दौरान कई खदानों में ठेकेदार और माफिया के गुर्गे प्रतिबंध के बावजूद रेत का उत्खनन व परिवहन करते मिले। इस पड़ताल के दौरान कई खदानों में नदी से 500 मीटर की दूरी पर रेत के जगह-जगह भंडारण भी मिले थे, जिसे ठेकदार और माफिया के गुर्गों ने बारिश के सीजन को देखते हुए किया था।




### अवैध भंडारण पर होती है कार्रवाई

*शिकायत मिलने पर अवैध रेत भंडारण पर भी कार्रवाई की जाती है। जिले में कहीं-कहीं कार्रवाई की गई है। इस मामले में भंडारण करने वालों का पता लगाकर उन पर जुर्माना लगाया जाता है। नदी किनारे अवैध भंडारण की शिकायत नहीं मिली है।*

*- केके गोलघाटे, उप संचालक, खनिज विभाग*

**इन जगहों पर हैं रेत के अवैध भंडारण :** आरंग क्षेत्र के राटाकाट, बेनीडीह, पारागांव, कुम्हारी सहित अन्य खदानों के पास नदी के 500 मीटर दूरी पर जगह-जगह कई जगह पर रेत के अवैध भंडारण है। इसके अलावा नदी से लगे आसपास के गांव के खाली जमीनों पर भी कई जगह पर रेत के पहाड़नुमा भंडारण हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार जिले में रेत भंडारण के लिए सिर्फ 14 जगहों पर ही अनुमति दी गई है, जबकि सैकड़ों जगह पर अवैध रूप से भंडारण है।

### बारिश में धीरे धीरे बह गई

बारिश का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में जिले में कुछ जगहों पर तहसील और विभाग स्तर की कार्रवाई के दौरान रेत का अवैध भंडारण मामले में कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के बाद भंडारण रेत अभी भी उसी जगह पर डंप है। बारिश होने पर भंडारण रेत धीरे-धीरे बारिश के पानी के साथ बह भी जाती है। इसका फायदा माफिया उठा सकता है। रेत को यहां से गायब कर बारिश के पानी में रेत बह गई इसका बहाना भी बनाया जा सकता है। इस बहाने का फायदा विभाग के अधिकारी भी उठा सकते हैं, क्योंकि कार्रवाई के बाद अधिकारी डंप रेत को देखने तक नहीं जाते हैं।

# हार की समीक्षा से पहले ही कांग्रेस में बदलाव संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पहले विधानसभा चुनाव और इसके बाद लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार सामना करना पड़ा है। इसके बाद से छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बदलाव को लेकर चर्चाएं तेज होने लगी हैं। हालांकि अभी लोकसभा चुनाव में हुई करारी हार की समीक्षा पार्टी ने नहीं की है। समीक्षा बैठक से पहले यह भी संकेत मिलना शुरू हो गए हैं कि यहां नए प्रभारी और अध्यक्ष बनाए जा सकते हैं।

कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर हार की समीक्षा के लिए एक कमेटी का गठन किया है। उन राज्यों में, जहां कांग्रेस को करारी हार मिली है, वहां अलग-अलग वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। कमेटी के सदस्य संबंधित राज्यों में जाकर हार की समीक्षा को लेकर मंथन करेंगे। कमेटी गठन के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की राज्यस्तर पर आयोजित होने वाली समीक्षा बैठक टाल दी गई है।

### मोइली का दौरा जल्द

*छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की समीक्षा करने एआईसीसी ने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गठित की है। कमेटी के सदस्य शीघ्र राज्य का दौरा करने वाले हैं। कमेटी द्वारा वे पीसीसी प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से हार के कारणों की जानकारी प्राप्त करेंगे। रिपोर्ट के आधार पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बदलाव हो सकता है। प्रदेश में हार के कारणों की पड़ताल करने वीरप्पा मोइली और हरीश चौधरी को नियुक्त किया गया है। दोनों कांग्रेस नेता जल्द ही छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे।*

### चर्चा के बीच ये नाम आगे

*छत्तीसगढ़ में सचिन पायलट प्रदेश प्रभारी और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की अगवाई में लोकसभा चुनाव लड़ा गया था। प्रदेश में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा। प्रदेश में अंदरूनी कलह और डैमेज कंट्रोल नहीं कर पाने का भी चुनाव में असर देखने को मिला। चुनाव में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के चलते प्रभारी और अध्यक्ष को बदला जा सकता है। नए अध्यक्ष के लिए पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम, फूलोदेवी नेताम, इंद्र शाह मंडावी, लखेश्वर बघेल के नाम की चर्चा है।*

## खबर संक्षेप

### रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय



ने रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस 24 जून पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने कहा है कि रानी दुर्गावती भारत की उन वीरांगनाओं में से एक थीं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए। उन्होंने अपने शौर्य और साहस से वीरता की एक नई इबारत लिखी। उनका साहस और बलिदान हमेशा देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।

### विधायक अनुज ने किया लोकार्पण



**रायपुर।** श्री साईं दर्शन आवासीय समिति जोरा में विधायक निधि से नवनिर्मित भवन का लोकार्पण धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने रविवार को किया। इस अवसर पर कॉलोनी के समस्त पदाधिकारी एवं कॉलोनीवासी मौजूद थे।

### सुहिणी सोच ने मनाया योग दिवस



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुहिणी सोच संस्था द्वारा साइंस कॉलेज मैदान में 'योग का करें प्रण, नशामुक्त होगा छत्तीसगढ़' का दशम आयोजन किया गया। संस्थापक मनीषा तारवानी की सहभागिता रही और अध्यक्ष दीक्षा बुधवानी व सचिव पूनम बजाज ने बताया कि नियमित योग करने से कैसे हम अपने आपको फिट रख सकते हैं! मीडिया प्रभारी कविता नारा ने बताया कि इस प्रोग्राम में पूर्व अध्यक्ष विद्या गंगवानी व अध्यक्ष करिश्मा कमलानी ने भी अपनी कार्यकर्ताओं पल्लवी चिमनानी, संगीता पुरी, रेखा पंजवानी, ईशानी तोतलानी, सिया जसवानी, भारती सिहानी, हर्षा सिंहानी के साथ प्रोग्राम में हुए क्विज कंट्रोल क्विज कांटेस्ट के बखूबी उत्तर दिए।

## पेज 11 के शेष

### 25 पंचायतों में...

जल चौपाल में जगदेव कंडरा ग्राम रोजगार सहायक, प्रगतिशील महिला व महिला समूह अध्यक्ष चंद्रिका पाटिल, हेमलाल धीवर पंच, रुखमणी पाटिल, कृष्णा गायकवाड़ सहित महिला समूह के महिलाओं की शत–प्रतिशत उपस्थिति रही।

### आगजनी की घटना...

बताया कि जल्द ही मैदानी अमलों सचिव, पटवारी, आरआई तथा सरपंचो की भी बैठक लेकर चर्चा की जाएगी। उन्होंने जिले की बेहतर छवि के लिए मीडिया को सहयोग की अपील की।

## राजधानी में काम के लिए व इलाज कराने आने वालों की सुविधा का ऐसा हाल

# रैन बसेरा बनवाकर भूला नगर निगम कहीं विस्थापितों का डेरा, कहीं तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

मुसाफिरों के लिए शहर में कई जगह रैन बसेरा बनवाने और जरूरी सुविधा देने नगर निगम ने एक करोड़ से ज्यादा खर्च किया है। इसके बाद भी लोगों को मिलने वाली सुविधा अव्यवस्था की भेंट चढ़ रही है। देखभाल के अभाव में किसी रैन बसेरा में तोड़फोड़ में प्रभावित परिवारों को वैकल्पिक व्यवस्था मिल रही तो किसी में एजेंसी कर्मी जमे हुए हैं। इससे बारिश के मौसम में मुसाफिरों को मिलने वाली सुविधा का हाल बेहाल है।

राजधानी में निगम ने 15 से 20 साल में 8 जगह रैन बसेरा बनवाया है। इनमें शहर के बीच ही चार जगह रैन बसेरा बनवाने पर निगम ने एक करोड़ से ज्यादा खर्च किया है। जहां बारिश के दिनों में मुसाफिरों को किस तरह की सुविधा मिल रही है, इसकी जमीनी सच्चाई जांचने के लिए हरिभूमि की टीम ने पड़ताल की। इस दौरान कई खामियां देखने को मिलीं। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व मुख्य मार्ग के आसपास बनवाए गए रैन बसेरों में से सिर्फ एक ही जगह ही लोगों को रात बिताने के लिए सुविधा मिल रही है। बारिश के मौसम में बची तीन जगह रैन बसेरा की सुविधा इसलिए नहीं मिल रही, क्योंकि जोन के जिम्मेदार बनवाए गए आश्रय स्थल की सुध भी नहीं ले रहे हैं। जिन लोगों का आनन-फानन में मकान तोड़ा गया, उन्हें भी बसाया है। इससे मुसाफिरों की सुविधा लंबे अरसे से नहीं मिल रही है।

मुसाफिरों को सुविधा भी सिर्फ पंडरी बस स्टैंड में मिल रही है। बस स्टैंड हटने से 80 बिस्तर वाले आश्रय में प्रतिदिन एवरेज 15 से 20 मुसाफिर ही पहुंचते हैं।





### तीन जगह सुविधा भी फेल

बस स्टैंड में रनिंग स्थिति में मिले रैन बसेरा के कर्मी ने बताया कि बस स्टैंड हटने से आश्रय स्थल के बेड खाली रहते हैं। इससे पहले 80 बेड वाला आश्रय स्थल हमेशा गुलजार था, अब लोग कम आते हैं। पंडरी के मठपारा में बनवाए गए रैन बसेरा में ताला बंद मिला। वहां आसपास के लोगों ने बताया कि अभी निगम के एजेंसी कर्मी आते-जाते रहते हैं। रामनगर ढलान के पास बनवाए गए दो मंजिला भवन के ऊपरी माले पर रैन बसेरा की सुविधा कुछ दिनों तक ही लोगों को मिली, अब बिल्डिंग में तालाबंदी है। विवेकानंद आश्रम के पास बनवाए गए आश्रय स्थल में विस्थापित जमे हैं।



### मुफ्त में मिल रही है सुविधा

निगम ने रामनगर में 68 लाख, पंडरी बस स्टैंड में 25 लाख से ज्यादा व मठपारा और विवेकानंद आश्रम के पास रैन बसेरा की सुविधा देने पर 8 एवं 10 लाख से ज्यादा खर्च किया। वर्तमान स्थिति में पंडरी बस स्टैंड स्थित आश्रय स्थल में ही मुसाफिरों को नहाने, सोने और लॉकर की सुविधा प्रतिदिन 40 रुपए भुगतान पर मिलती है। वहीं तीन में से दो स्थानों पर जमे हुए लोग निगम की बिजली, पानी की सुविधा तो ले रहे हैं, लेकिन निगम को कोई फायदा नहीं मिल रहा है। बरसात के लिहाज से इनमें सुविधा देने के लिए दोबारा शुरू कराने का प्रयास भी दो साल से अधूरा है।

### दो रैन बसेरा जल्द शुरू करेंगे

जिन रैन बसेरों की जानकारी दे रहे हैं, उनमें से बस स्टैंड का ही बेहतर तरीके से संचालित हो रहा है। मठपारा व विवेकानंद आश्रम के पास स्थित रैन बसेरा को जल्द ही व्यवस्थित करने जोन को निर्देश दिए हैं। रामनगर के रैन बसेरा को शुरू करने में विलंब होगा,क्योंकि वहां अभी काम चल रहा है।

*- **विनोद कुमार पांडेय,** अपर आयुक्त, ननि रायपुर*

# खाद-बीज की गुणवत्ता जांच कई सैंपल अमानक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खरीफ सीजन में किसानों को समय पर खाद, बीज उपलब्ध कराने का फरमान मुख्य सचिव ने जारी किया। सहकारी समितियों में बीज का भंडारण किए जाने साथ ही विभाग ने बीजों की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल लिए हैं। किसानों को वितरित किए जाने वाली खाद, बीजों की गुणवत्ता जांच भी की जा रही है। इन सैंपल की जांच में कई बीज और खाद के नमूने अमानक पाए गए हैं।

- **फसल बोनी के साथ विभाग करा रहा उर्वरक और बीजों की गुणवत्ता जांच**

कृषि विभाग द्वारा खरीफ फसल के बीजों की गुणवत्ता की जांच के लिए 5 हजार बीजों के गुणवत्ता परीक्षण का लक्ष्य तय कर 3726 नमूने लिए गए। प्रयोगशाला में हुई जांच में 30 नमूने अमानक पाए गए। 2352 नमूने गुणवत्तायुक्त मिले। विभाग की ओर से उर्वरकों की भी जांच की जा रही है। 2082 नमूने जांच के लिए भेजे गए थे, इनमें से 536 सही पाए गए और 13 नमूने अमानक पाए गए। विभाग की ओर से बीज और उर्वरकों के वितरण में ऐसे अमानक नमूने को अलग किया गया है। कृषि विभाग पौध संरक्षण औषधि के नमूने की भी जांच करा रहा है। 217 नमूने की जांच में 14 नमूने अमानक पाए गए। उर्वरक और बीजों के भंडारण से पूर्व जांच की जा रही है। वहीं जिन मामलों में शिकायत मिल रही है, उसकी जांच कराई जा रही है।



### धान की बोनी सबसे ज्यादा

छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय होने के साथ ही खरीफ फसलों की बुआई का काम शुरू हो गया है। अब तक किसानों ने 0.62 लाख हेक्टेयर में बुआई की है। प्रदेश में खरीफ में धान की फसल प्रमुखता से ली जाती है, इसकी बुआई 0.47 लाख हेक्टेयर में हो चुकी है। अन्य फसलों की बोनी में मोटे अनाज की 3.17 हजार हेक्टेयर, अन्य फसलों की 5.85 हजार हेक्टेयर और गन्ना 6.09 हजार हेक्टेयर में बोनी हो चुकी है।

# पर्यावरण को बढ़ावा देने बांटे निशुल्क 500 पौधे

**रायपुर।** भाजपा के पितृपुरुष डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में केनाल रोड स्थित भगवान झूलेलाल मूर्ति चौक पर हर घर एक वृक्ष, हर घर हरियाली अभियान के अंतर्गत निशुल्क पौधे बांटे गए।

पूज्य सिंधी पंचायत राजेंद्रनगर, अमलीडीह, महावीर नगर के मुखी गिरीश लहेजा के नेतृत्व में इस अभियान के तहत पीपल, नीम, बरगद, जामुन, आम, सीताफल एवं अनेक प्रकार के 500 पौधों का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से पंचायत के पदाधिकारी कार्यकारिणी अध्यक्ष जेठानंद कोटवानी, महासचिव राजकुमार मंजर, कोषाध्यक्ष सुरेश दसवानी, मुख्य सलाहकार हरेश रामानी, उपाध्यक्ष दिलीप केवलानी, अनिल हिमानी, अनिल रूपचंदानी, मनीष पंजवानी, दुलीचंद कोटवानी, कैलाश बत्रा, सुनील जसवानी, राजकुमार पंजवानी, पहलाद खेमानी समेत अन्य शामिल हुए।



# व्यापम का कमाल, पहले पूछा प्रश्न, फिर बताया- किस गद्यांश को पढ़कर देना है उत्तर!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देशभर में हो रही परीक्षाओं में गड़बड़ी के बाद व्यापम के पर्चे में भी तकनीकी त्रुटि सामने आई है। रविवार को व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया गया था।

दो पालियों में यह परीक्षा रखी गई थी। इसमें प्रथम पाली में प्राथमिक कक्षा तथा द्वितीय पाली में माध्यमिक कक्षा में अध्यापन के लिए पात्रता परीक्षा हुई। प्रथम पाली में हुई परीक्षा में यह तकनीक त्रुटि सामने आई है। सेट-डी के 55, 56 और 57 के उचित क्रम में नहीं होने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई। निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षक पात्रता परीक्षा में सामान्य ज्ञान, विज्ञान, गणित सहित कई विषयों से संबंधित सवाल पूछे जाते हैं। इसमें भाषा के अंतर्गत हिंदी और इंग्लिश के सवाल भी शामिल होते हैं। इसी कड़ी में हिंदी के अंतर्गत परीक्षार्थियों से अपठित गद्यांश पूछा गया।



### व्यापम में शिकायत

रात होते-होते व्यापम की यह गड़बड़ी व्हॉट्सऐप सहित कई सोशल साइट्स में वायरल होने लगी। कई परीक्षार्थियों और अभिभावकों द्वारा इस संदर्भ में व्यापम से शिकायत की गई है। उनका कहना है कि व्यापम की इस त्रुटि के चलते बहुत से परीक्षार्थियों ने पैराग्राफ पढ़े बिना ही उत्तर बना लिया था। इसकी वजह से बहुत से परीक्षार्थी भ्रम में पड़ गए। जिन परीक्षार्थियों ने सचेत होकर इन सभी प्रश्नों को हल किया। उनके ही उत्तर सही हो सके हैं। इस त्रुटि के चलते परीक्षार्थियों को बोनस अंक मिलना चाहिए।

# औषधि प्रशासन विभाग की नए सॉफ्टवेयर पर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेडिकल परिसर स्थित केमिस्ट भवन में रविवार को नए सॉफ्टवेयर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन रायपुर के औषधि निरीक्षक डॉ. परमानंद वर्मा, राजेश सोन एवं सतीश सोनी सैंपल विश्लेषक ने नए सॉफ्टवेयर के संदर्भ में केमिस्टों को विस्तार से जानकारी प्रदान की और उन्होंने माह अगस्त 2022 में जितने भी लाइसेंस नवीनीकरण अथवा नए लाइसेंस बनाए गए हैं, उन्हें छोड़कर अगस्त 2022 के पूर्व के समस्त लाइसेंसधारी को अपने समस्त दस्तावेजों की जानकारी नए सॉफ्टवेयर में अपलोड करने के निर्देश दिए। डॉ. वर्मा ने बताया कि नए सॉफ्टवेयर में किस तरह दस्तावेजों को अपलोड किया जाना है। इसकी संपूर्ण जानकारी सदस्यों को दी एवं कहा कि अगर उन्हें उसके बाद भी कोई परेशानी आती हो तो वे विभाग की मदद ले सकते हैं। उन्होंने सदस्यों से कहा कि 22 जुलाई तक अपनी दुकान के दस्तावेज अपलोड कर दें। संघ के उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने बताया कि कार्यक्रम में ठाकुर राजेश्वर सिंह, संजय रावत, वासुदेव जोतवानी एवं कार्यकारिणी सदस्य नीरज चौधरी, वरुण चिमनी, विजय भोजवानी, नितेश कुमार जैन, विनोद दुल्हानी एवं अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे।

- **लाइसेंसधारी को दस्तावेजों की जानकारी नए सॉफ्टवेयर में अपलोड करने दिए निर्देश**

### अध्यक्ष विश्वनाथ, कोषाध्यक्ष बने भूपेश

**रायपुर।** रायपुर वीडियो जर्नलिस्ट एसोसिएशन का चुनाव रविवार को हुआ। चुनाव में 78 सदस्यों ने वोटिंग की थी, जिसमें अध्यक्ष विश्वनाथ साहू, उपाध्यक्ष पुनीत सोनकर, कोषाध्यक्ष भूपेश जांगड़े और सचिव अभिषेक डड़सेना निर्वाचित हुए। संयुक्त सचिव के रूप में राजकुमार प्रसाद पहले ही निर्वाचित हो चुके थे, क्योंकि उनके सामने चुनाव मैदान में खड़े रेखराम देवांगन पहले ही किसी प्रत्याशी के लिए प्रस्तावक के रूप में सामने आ चुके थे। पूर्व में मनोनीत किए गए अध्यक्ष विश्वनाथ साहू ही निर्वाचित हुए। पहली बार रायपुर वीडियो जर्नलिस्ट एसोसिएशन का चुनाव हुआ।



### नूतन स्कूल टिकरापारा में अब रोज होगा योग निशुल्क प्रशिक्षण

रायपुर। विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य पर नूतन स्कूल टिकरापारा में 15 दिवसीय निशुल्क योग प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले लोगों की मांग पर अब प्रतिदिन प्रातः 5.10 बजे से शुरू होकर 6.30 तक योग कक्षाएं चलेंगी। यह कार्यक्रम सामाजिक संस्था राष्ट्रीय दिशा मंच और विकास परिषद द्वारा किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में रोग निवारक, मेमोरी बढ़ाने, डायबिटीज, साइटिका, घुटने की प्रॉब्लम सहित अन्य समस्याओं के निवारण पर अभ्यास भी कराया जाएगा। इसमें कोई भी नागरिक अपना पंजीयन स्थल पर पहुंचकर करा सकता है।



## खबर संक्षेप



### सृष्टि सेवा समिति और बजरंग दल ने रोपे पौधा

खरोरा। विगत दिनों ग्राम पंचायत पवनी में सुलुम गेट नाला किनारे सृष्टि सेवा युवा समिति पवनी और बजरंग दल के युवाओं ने बरगद और पीपल सहित पौधे लगाकर संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर सृष्टि सेवा समिति के अध्यक्ष हरीश वर्मा, उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू, बजरंग दल के खंड मंत्री नीलकंठ साहू, ग्रामीण अध्यक्ष हेमंत साहू, वासु वर्मा, धनेंद्र साहू, डालिसा वर्मा और अन्य लोग उपस्थित रहे।

### रविकांत बीएड टॉपर बने



भाटापारा। रविकांत वर्मा, व्याख्याता गणित ने पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय की बीएड परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहे। इस सफलता के लिए शिक्षकों और अनके मित्रों ने बधाई दी।

### चोरी का वाहन बेचने की फिराक में धरे गए दो चोर



रायपुर। गुढ़ियारी पुलिस ने दो वाहन चोर अरुण साहू उर्फ ज्ञानेंद्र निवासी समुदायिक भवन के पास सीतानगर गोगांव एवं तेजनारायण उर्फ सोनू साहू निवासी सीतानगर गोगांव को गिरफ्तार किया है। दोनों ने गुढ़ियारी निवासी प्रार्थी विजय पटले के घर से स्प्लेंडर चोरी की थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने आरोपियों को गोगांव के सीतानगर चौक के पास चोरी की उसी गाड़ी को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश करते पकड़ा। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### सिकलसेल के मरीजों को मिलेगी बोन मेरो ट्रांसप्लांट और प्लाज्मा थैरेपी की सुविधा



रायपुर।सिकलसेल से प्रभावित मरीजों को एम्स में बोने मेरो ट्रांसप्लांट और प्लाज्मा थैरेपी की सुविधा मिल सकती है। प्रदेश मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह सुविधा बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इस समस्या से निपटने के लिए विशेषज्ञों ने शोध और अनुसंधान की आवश्यकता बताई है। एम्स के सामान्य चिकित्सा विभाग, बायोकेमेस्ट्री, अस्थिरोग और बाल चिकित्सा सहित कई विभाग मिलकर इस दिशा में शोध से सिकलसेल के उपचार की दिशा में कार्यरत हैं। इस संबंध में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक अशोक जिंदल ने कहा है कि एम्स में सिकलसेल के रोगियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। संस्थान में विशेष क्लीनिक के माध्यम से उन्हें संपूर्ण उपचार प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। सिकलसेल से जोड़ों में दर्द, अत्यधिक कमजोरी, थकावट और सूजन की वजह से दैनिक दिनचर्या में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इससे गर्भाधान और प्रसव में भी दिक्कत हो सकती है। सिकलसेल एनीमिया के उपचार की सभी सुविधाएं एम्स में उपलब्ध हैं। गंभीर रोगियों के लिए ब्लड बैंक में रक्त के सभी कंपोनेंट भी उपलब्ध कराए गए हैं।

# प्रादेशिक महासभा में झेरिया गड़रिया पाल समाज ने दिखाई एकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

राजधानी रायपुर के महादेव घाट में दो दिवसीय प्रादेशिक महासभा का सम्मेलन झेरिया गडरिया पाल समाज महादेव घाट मंदिर प्रांगण में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि विधायक मोतीराम साहू उपस्थिति हुए। वहीं प्रदेश अध्यक्ष मिलन धनकर के नेतृत्व में 24 राज के राज प्रमुख शामिल हुए। साथ में प्रत्येक गांव के ग्राम प्रमुख व सदस्य शामिल हुए। साथ में महिला पदाधिकारी एवं युवा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी उपस्थित हुए।

कार्यक्रम में विधायक मोती राम साहू ने झेरिया गडरिया पाल समाज की एकता और शालीनता

## 24 राज के राज प्रमुख के साथ विधायक शामिल हुए



### आय-व्यय की दी जानकारी

साथ ही छात्र-छात्राओं के लिए आवास की मांग पर भी सहमति जताई और जमीन पर निर्माण करने की बात कही गई। वहीं समाज की रूप रेखा पर प्रदेश अध्यक्ष मिलन धनकर एवं उनके सभी पदाधिकारियों ने समाज की उन्नति एवं विकास के लिए 24 राज को संगठित कर रोटी-बेटी, नीति विधि को निर्वहन करते हुए, आय-व्यय की जानकारी दी।

संगठित 24 राज को देखते हुए, समाज की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भेड़िया धसान कहे जाने वाले गडरिया समाज संगठित समाज बनाते हैं। एक भेड़ जिस रास्ते में चल पड़े तो उसी के साथ पूरा समूह चल पड़ता है। साथ ही समाज की कुछ मुख्य मांगें जिससे गडरिया समाज की उन्नति में बाधा बनी हुई, वहीं आयोग गठन में रुके हुए कार्य को तेजी लाने की बात कही।

उन्होंने कहा की आगामी महासभा में युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए सर्वे करने की बात कही। साथ में सर्व गडरिया समाज को समिलित कर सभी फिरका जाती एक साथ रहने की चर्चा पर सभी राज प्रमुखों ने विचार कर सहमति दी।

## कबीर प्राकट्य दिवस : बाबू फाउंडेशन ने कबीर जयंती पर प्रसादी वितरित की

# जयंती पर गूंजे कबीर दास के दोहे व साखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

संत कबीर दास के प्राकटय दिवस पर बाबूजी फाउंडेशन द्वारा सेवा सद्भावना से प्रसादी भंडारे की व्यवस्था की गई। खीर-पूरी, सब्जी व चने की प्रसादी का वितरण किया गया। जयंती पर सभी सदस्यों ने उनके बताएं मार्ग को अपनाने की बात की। सदगुरु कबीर साहब ने हमेशा सत्य मानवता की बात की। धर्म मजहब जात-पात ऊंच नीच अंधविश्वास के घोर विरोधी रहे। बाबूजी फाउंडेशन के संचालक बाबू तोरण साहू ने कहा उनकी कृपा हम सब पर बनी रहे। उनके द्वारा सामर्थ्य से ही कार्य हो पता है हम सिर्फ निमित्त मात्र हैं। पोथी पढ़-पढ़ जग मुआ, पंडित भया ना कोय। ढाई अक्षर प्रेम का, पड़े सो पंडित होय। बड़ी-बड़ी किताबें पढ़कर कितने विद्वान मौत के मुंह में समा गए, लेकिन कोई तो प्रेम के ढाई अक्षर को वास्तविक रूप से अपने अंदर उतार ले तो वहीं सच्चा ज्ञानी होगा। सदगुरु कबीर साहब कहते हैं, इस पूरे चराचर में मुझे कहां ढूंढता है, मैं तो तेरे पास में हूं, मोको कहां ढूंढे रे बंदे मैं तो तेरे पास में। उन्होंने कहा परमात्मा सब में निहित हैं सभी के है जानने महसूस करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में भाटापारा विधायक इंद्र साव, फाउंडेशन सदस्य तेज प्रकाश जैन, प्रमोद शुक्ला, अरुण बंटी छाबड़ा, सुनील दुबे, तोरण साहू, दुर्गेश साहू, दिलीप साहू, तिलक साहू, संतोष साहू, पीलाराम साहू, बाबूआर्यन साहू, तुलसीसाहू, अनुपसाहू, मनीराम साहू, राजेश साहू, सुमीत सिंग, जीत साव, अनिल साहू, दादू साहू, रामकुमार साहू, उर्वशी साहू, अखिलेश्वरी शुक्ला, सुनीता साहू, समीक्षा साहू, कल्याणी साहू, वीणा साहू , अन्नू साहू, कमला साहू, गोदावरी साहू, सती साहू आदि का सहयोग प्रदान हुआ।



### संत कबीर के उपदेश आज भी प्रासंगिक




भाटापारा।सदगुरु कबीर प्राकट्य दिवस (कबीर जयंती) कबीर ज्ञान मंदिर हथनीपारा भाटापारा में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। प्रथम दिवस गुरु महिमा पाठ, पूनो पाठ के बाद साध्वी चंद्रकला देवी (सोनार देवरी) आश्रम का प्रवचन हुआ। तदुपरांत दूरस्थ अंचल से आए हुए विभिन्न ग्रंथ मंडलियों का भजन-कीर्तन देर रात तक चला। द्वितीय दिवस भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। कबीर जयंती के कार्यक्रम में पधारे विधायक इंद्र साव ने कहा कि सदगुरु कबीर के पदचिन्हों पर चलकर ही विश्व में शांति स्थापित किया जा सकती है। उनके उपदेशों को हमें अपने जीवन में उतरना चाहिए। संध्या 5 बजे सात्विक यज्ञ चौका आरती पूज्य महंत चैतूदास ग्राम-टोहड़ा के कर कमलों से सम्पन्न हुई। कबीर जयंती में अंचल के कबीर पंथियों के साथ-साथ नगरवासियों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल आयोजन में सुकृत साहू, मुकेश साहू, तिलक साहू, राजेश साहू, पीलाराम साहू, कुलेश्वर साहू, नीरा साहू, द्रोपती साहू, पार्वती साहू ने सक्रिय योगदान दिया।

# सालभर से सस्पेंड कर्मचारी हुआ बहाल


सालभर से सस्पेंड कर्मचारी बहाली के लिए बहा रहा पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

बीते 21 जून को हरिभूमि ने भृत्य शंकर लाल यादव को 1 वर्ष से निलंबन पर जांच के बावजूद बहाली नहीं करने पर आर्थिक स्थिति का उल्लेख करते हुये सालभर से सस्पेंड कर्मचारी बहाली के लिए बहा रहा पसीना शीर्षक से प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी।

खबर का असर

इसके बाद अगले ही दिवस शिक्षा विभाग ने निलंबित कर्मचारी को बहाल कर दिया। जांच अधिकारी द्वारा अपने अभिमत में अपचारी सेवक को चेतावनी के साथ वर्तमान पदांकित संस्था से अन्यत्र किसी संस्था में निलंबन से बहाल किये जाने का अभिमत दिया है। इस कारण शंकर लाल यादव, भृत्य शास.उ.मा.वि.कटगी वि.ख.कसडोल को भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न करने की चेतावनी के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बया विकासखण्ड कसडोल में निलंबन अवधि को कार्यवधि मान्य करते हुए बहाल कर दिया है। इधर बहाली के बाद श्री यादव ने हरिभूमि का आभार जताया है।

### सर्वाधिक महासमुंद तहसील में 132.1 मिलीमीटर

महासमुंद। महासमुंद जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2024 से अब तक 9.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा महासमुंद तहसील में 132.1 मिलीमीटर, बागबाहरा में 78.3 मिलीमीटर, सरायपाली में 75.8 मिलीमीटर, बसना में 74.4 मिलीमीटर, पिथौरा में 67.8 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 32.3 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। 24 जून को 59.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में आज महासमुंद तहसील में 13.0 मिलीमीटर, बसना में 10.6 मिलीमीटर, सरायपाली में 10.3 मिलीमीटर, कोमाखान में 10.2 मिलीमीटर, बागबाहरा में 8.7 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 7.0 मिलीमीटर पिथौरा तहसील में दर्ज की गई।

# भाजपा कल मनाएगी हर जिले में आपातकाल का काला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आपातकाल का काला दिवस आयोजन समिति के प्रांत संयोजक सच्चिदानंद उपासने ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के आव्हान पर प्रदेश भाजपा सभी जिलों केंद्रों में 25 जून को आपातकाल का काला दिवस का आयोजन करेगी।

■ रायपुर के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे शिरकत

कांग्रेस की सत्ता की लालसा के चलते तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा जिस प्रकार न्यायालय आदेश के बाद भी प्रधानमंत्री की कुर्सी न छोड़ देश को 1975 से 1977 तक 21 माह की अवधि में आपातकाल लगा संविधान की हत्या कर विपक्ष एवं मीडिया को कुचलकर लोकतंत्र समाप्त कर तानाशाही राजतंत्र का काम किया।


उस काले अध्याय को देश की जनता को स्मरण कराने भाजपा प्रतिवर्ष यह काला दिवस मनाती है।

श्री उपासने ने बताया, 25 जून को जिलास्तरीय कार्यक्रमों में विषय प्रतिपादन के लिए राजधानी रायपुर में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रमुख प्रवक्ता लोकतंत्र सेनानी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने होंगे। इसी प्रकार बस्तर में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, रायगढ़ में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, बिलासपुर में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, रायपुर ग्रामीण में मंत्री टंकराम वर्मा, बालोद में मंत्री केदार कश्यप होंगे।

# नगरीय निकायों ने नहीं लगाए कैपेसीटर 40 प्रतिशत तक ज्यादा आ रहा बिजली बिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकायों के दक्षता संपरीक्षा प्रतिवेदन (ऑडिट रिपोर्ट) से यह बात सामने आई है कि नगरीय निकायों द्वारा मोटर पंपों, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य विद्युत उपकरणों में कैपेसीटर नहीं लगाए जाने से हर महीने अधिक विद्युत खपत एवं कैपेसीटर अधिकारी के रूप में निकायों को 6 से 40 प्रतिशत अतिरिक्त विद्युत व्यय देना पड़ रहा है। इसकी वजह से निकायों पर वित्तीय बोझ बढ़ने के साथ ही आर्थिक क्षति भी हो रही है। दक्षता संपरीक्षा प्रतिवेदन में बताया गया है कि बिलासपुर नगर निगम और नगर पंचायत बलौदा में जांच से यह तथ्य सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक पॉवर फैक्टर, विद्युत मंड़ल द्वारा उपलब्ध कराई गई विद्युत उर्जा के उत्पादक कार्य के लिए उपयोग का



प्रतिशत होता है। पॉवर फैक्टर उच्च रखने से ऊर्जा की बचत होती है एवं बिजली बिल में कमी तथा खर्च में कमी आती है, लेकिन इसके विपरीत पॉवर फैक्टर निर्धारित सीमा से कम होने पर विद्युत हानि बढ़ती है एवं समान लोड फैक्टर के लिए विद्युत ही प्रमात्रा बढ़ जाती है। विद्युत की प्रमात्रा अधिक होने से ट्रांसफॉर्मर, विद्युत लाइन एवं विद्युत व्यवस्था में लगे अन्य उपकरणों के क्षतिग्रस्त होने की संभावना रहती है। पॉवर फैक्टर को निर्धारित सीमा पर बनाए रखने के लिए विद्युत उपकरणों के साथ उपयुक्त क्षमता के कैपेसीटर का प्रयोग आवश्यक होता है।

### रिपोर्ट से ये बात आई सामने

*ऑडिट रिपोर्ट में कहा गया है कि विद्युत देयकों का परीक्षण एवं संबंधित विद्युत संयोजनों का भौतिक सत्यापन किया गया और पाया गया कि उचित क्षमता के कैपेसीटर लगाने पर पर निकाय स्तर पर विद्युत देयकों में 6 से 40 प्रतिशत तक की बचत की जा सकती थी, लेकिन नगरीय निकायों द्वारा विद्युत प्रभारों के प्रबंधन में उदासीनता की वजह से निकायों के विद्युत प्रभारों में वृद्धि हो रही है। इसके साथ ही नगरीय निकायों के वित्तीय भारों में उतोरत्तर वृद्धि हो रही है। पेयजल आपूर्ति एवं स्ट्रीट लाइट के विद्युत देयकों के कम पॉवर फैक्टर के कारण अधिक विद्युत खपत एवं कैपेसीटर अधिभार के रूप में अतिरिक्त विद्युत व्यय देना पड़ रहा है।*

# प्राथमिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



मुंडा। शासकीय प्राथमिक शाला पैजनी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसमें योग से संबंधित विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास जैसे कपाल भारती, अनलोम–विलोम, ताड़ासन, वज्रासन, सूर्यनमस्कार, शवासन धनुरासन एवं भ्रामरी प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक चूड़ामणि वर्मा द्वारा योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गांव के लोगों एवं बच्चों को जीवन में स्वस्थ रहने के उपाय के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इस अवसर पर सरपंच हलधर वर्मा, पंच रामेश्वरी वर्मा, संजय टंडन, उषा वर्मा, पालकों में हेमलता वर्मा, सरस्वती वर्मा, पार्वती वर्मा, प्रधानपाठक संतोष कुमार पैकरा, शिक्षकों में लोमस कोसरे, विनोद कुमार पटेल, सुकृता सेन, सुनीता ध्रुव, ज्यामिति यदु, मनोज वर्मा एवं बच्चें उपस्थित थे।

## दर्जनभर मशीनों की होगी व्यवस्था, चिन्हित जिलों में भेजेंगे

# एआई तकनीक से आधे मिनट में होगी टीबी मरीजों की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सालभर में प्रदेश को टीबी मुक्त करने चलाए जा रहे अभियान के तहत नए मरीजों की पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग अब एआई सिस्टम का उपयोग करेगा। इसकी मदद से फेफड़े का एक्स-रे कर आधे मिनट में मरीजों की पहचान की जा सकेगी। योजना के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग इसके लिए एआई तकनीक वाली दर्जनभर हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन खरीदेगा और चिन्हित अलग-अलग जिलों में भेजकर इसके माध्यम से संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उन्हें आवश्यक उपचार सुविधा मुहैया कराई जाएगी। जानकारी के मुताबिक, अभी मरीजों की पहचान के लिए माइक्रोस्कोपी, सीबीनॉट



और ट्रू-नॉट मशीन का उपयोग किया जाता है, जिसकी रिपोर्ट आने में कुछ वक्त लगता है। इस एआई तकनीक की मदद से की जाने वाली जांच में अधिक वक्त नहीं लगेगा। एक मिनट से भी कम समय में फेफड़ों की संक्रमण की पहचान कर इसकी रिपोर्ट सामने आ जाएगी। अभी जांच के लिए मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र अथवा अस्पताल तक जाने की आवश्यकता होती है, मगर इस जांच की शुरुआत के बाद स्वास्थ्य कर्मी लैपटॉप से जुड़ी इस तकनीक के साथ संदिग्ध मरीज तक पहुंचकर उनकी जांच करेंगे। संक्रमण की पुष्टि होने के बाद मरीजों के उपचार की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अधिकारियों का तर्क है कि यह सुविधा शुरू होने के बाद राज्य में टीबी के मरीजों की पहचान के लिए होने वाली जांच की संख्या बढ़ जाएगी, क्योंकि इसमें अनावश्यक वक्त नहीं लगेगा।

### प्रशिक्षण भी

एआई तकनीक वाली मशीन संचालित करने टीम को ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद उन्हें विभिन्न जिलों में भेजकर जांच कराई जाएगी।

- **डॉ. अजय शंकर कन्नौजे**, नोडल अफसर टीबी उन्मूलन कार्यक्रम

### रायपुर में दो हजार के करीब टीबी मरीज

सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में पंजीकृत टीबी मरीजों की संख्या दो हजार के करीब है। इन्हें उपचार के साथ अन्य तरह की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके अलावा दुर्ग में डेढ़ हजार और बिलासपुर में 11 सौ के करीब मरीज हैं। राज्य में इनकी संख्या पंद्रह हजार से अधिक है।

